**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में दस हजार मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण किया गया।
- खराब मौसम के कारण, कच्छाल बंदरगाह पर एम वी नालंदा और एम वी सिंधु का संचालन उपलब्ध नहीं होगा।
- अंडर–17 फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता लिटिल अंडमान की टीम सुब्रतो कप फुटबॉल चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक– पद्म पुरस्कार, तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

<><><><><><><>

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नौवें इंडिया मोबाइल कांग्रेस की थीम इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म रखे जाने की घोषणा की है। सम्मेलन की थीम भविष्य को आकार देने तथा उद्योग और बुनियादी ढांचे से लेकर समाज और संवहनीयता तक सभी क्षेत्रों में वास्तविक, बदलाव लाने में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।

श्री सिंधिया ने कहा कि भारत आज दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। देश ने कभी भी भविष्य का इंतजार नहीं किया बल्कि हमेशा पहले से इसे आकार देने में जुटा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दुनिया की सबसे मजबूत दूरसंचार नेटवर्क प्रणाली तैयार की है जो अत्याधुनिक और उपभोक्ता उपयोगी सेवा है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस की थीम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्नत बदलाव की ओर बढ़ते रहना ही भारत का इरादा रहा है। भारत आज उन शीर्ष छह देशों में शामिल है, जो 6जी पेटेंट के लिए आवेदन कर रहे हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में दस हजार मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण किया गया। अंडमान निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग ने किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र कर बारह मापदंडों पर मिट्टी की जांच की। विभिन्न क्षेत्रों के किसानों के खेतों की मिट्टी की पोषक स्थिति की जानकारी के साथ–साथ दस हजार मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। वितरण अभियान के दौरान कृषि एवं आत्मा ने किसानों को सलाह दी कि संतुलित उर्वरक का उपयोग, रसायनिक उर्वरकों के साथ–साथ जैव उर्वरकों और जैविक खादों का प्रयोग मिट्टी की सेहत को

बेहतर बनाता है। उपलब्ध संसाधनों जैसे खेत की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद, तालाब की गाद और मुर्गी खाद का उपयोग कम लागत पर किया जा सकता है। यह अभियान कृषि सचिव पल्लवी सरकार के नेतृत्व में किया गया।

<><><><><><>

लगातार बारिश के कारण धन्नीखाड़ी बांध से दो पाइप लाइन सिप्पीघाट क्षेत्र में भूस्खलन के कारण विस्थापित हो गई है। इसके कारण धन्नीखाड़ी बांध से दोनों लाइनें बंद कर दी गई हैं और वर्तमान में मरम्मत और बहाली का काम चल रहा है। लंबा लाइन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ी पुलिस लाइन, ऑल इंडिया रेडियो और रांची बस्ती के अलावा गाराचरमा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से होनी वाली जलापूर्ति आज तक स्थगित रहेगी। इस अवधि के दौरान जवाहर सरोवर ट्रीटमेंट प्लांट से टैंकर की आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। आम जनता से इस दौरान पानी का किफायती उपयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><>

खराब मौसम के कारण, कच्छाल बंदरगाह पर एम वी नालंदा और एम वी सिंधु का संचालन कठिन हो गया है। जहाजों और यात्रियों दोनों की सुरक्षा को देखते हुए अगले कुछ दिनों तक कच्छाल बंदरगाह पर जहाजों का संचालन नहीं होगा। संशोधित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, एमवी नालंदा अब आज सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा और उनतीस मई को सुबह आठ बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम वापस आएगा। कच्छाल जाने वाले यात्रियों और माल की आवाजाही के लिए ननकौड़ी द्वीप पर आवश्यक कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जाएगी।

<><><><><><>

मुख्य सचिव द्वारा तिमाही आधार पर प्रत्येक विभाग में मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देशानुसार, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से कल अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मुख्यालय में मॉक ड्रिल का अभ्यास हुआ। यह अभ्यास अंडमान निकोबार पुलिस, स्वास्थ्य, एनडीआरएफ, अग्निशमन और लोक निर्माण विभाग के समन्वय से किया गया। डीब्रीफिंग सत्र में एजेंसियों के समन्वय को और बेहतर बनाने और द्वीपों में आपदा प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

<><><><><><>

नेताजी स्टेडियम में आयोजित सातवें राज्य स्तरीय लड़कों की अंडर–17 फुटबॉल टूर्नामेंट का कल समापन हो गया। फाइनल मैच में लिटिल अंडमान की टीम ने कार निकोबार पर दो–शून्य की शानदार जीत के साथ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। लिटिल अंडमान की टीम अगस्त–सितंबर में नई दिल्ली में होने वाली प्रतिष्ठित सुब्रतो कप फुटबॉल चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेगा। टूर्नामेंट के दौरान पुरस्कार प्रदान किए गए। लिटिल अंडमान के जॉर्ज एल्विन को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया, जबकि सर्वोच्च स्कोरर का पुरस्कार ओरल कच्छा के आर्यन कुमार कुल्लू को मिला।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देश पर कृषि एवं पशुपालन सचिव ने हाल ही में कई क्षेत्रीय दौरे, सामुदायिक संवाद और विभागीय समीक्षा की। इस दौरान **पैट्रिक जेरेमिया** द्वारा अपनाई गई एकीकृत कृषि प्रणाली और आत्मा योजना के तहत **साइमन विलियम** के खेत में मधुमक्खी के छत्ते के प्रदर्शन स्थल सहित तपोइमिंग गांव के किसानों के खेतों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निकोबार जिले के जनजातीय परिषद के अध्यक्ष, गांव के मुखिया और निकोबार जिला उपायुक्त के साथ एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें विभागीय योजनाओं और प्रस्तावों पर चर्चा की गई। विभाग ने बेहतर प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से मौजूदा बागानों के कायाकल्प का भी प्रस्ताव रखा और सामुदायिक मसाला उद्यानों की स्थापना को प्रोत्साहित किया। सचिव ने कृषि सहायक निदेशक कार्यालय, उप डिपो, ग्रामीण ज्ञान केंद्र, पशु चिकित्सा अस्पताल और अरोंग कम्पोजिट फार्म का भी निरीक्षण किया। विभाग ने बहुउद्देश्यीय फार्म में कर्मचारियों के बीच क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया और फलों और मसालों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बेहतर बाग प्रबंधन के लिए रूपरेखा तैयार की। एक नए जायफल ब्लॉक की शुरुआत की गई और सही प्रकार की प्रसार सामग्री के लिए एक मदर ब्लॉक विकसित करने की भी योजना है। सार्वजनिक सेवा को तत्काल सुविधाजनक बनाने के लिए ग्रामीण ज्ञान केंद्र को फिर से खोला गया।

**<><><><><><><>**

राज्य परिवहन विभाग और यूनियन के कर्मचारियों की आम सभा बैठक हाल ही में श्री विजयपुरम स्थित गांधी भवन में बुलाई गई। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकारी समितियों के चुनाव संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव पी अब्बू बकर ने की। समूह के कर्मचारियों की लंबे समय से आ रही शिकायतों के बारे में विचार–विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से संघ की मौजूदा समिति का पुनर्गठन करने का संकल्प भी लिया गया।

**<><><><><><><>**

भारतीय तटरक्षक बल मुख्यालय की ओर से कल ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। ऐसी स्थिति में नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वे रेंज क्षेत्र में प्रवेश न करें।

**<><><><><><><>**